भारत की कुछ प्रमुख झीलें
➨चिल्का झील:-भारत की सबसे बड़ी तटीय झील, ओडिशा में स्थित है.
➨वुलर झील:-`या की सबसे बड़ी ताजे पानी की झील, जम्मू और कश्मीर के बांदीपोरा ज़िले में स्थित है.
➨गुरुडोंगमार झील:-भारत की सबसे ऊंची झील, सिक्किम में स्थित है.
➨वेम्बनाड झील:-भारत की सबसे लंबी झील, केरल में स्थित है.
➨गोविंद बल्लभ पंत सागर:- भारत की सबसे बड़ी मानव निर्मित झील, उत्तर प्रदेश के सोनभद्र ज़िले में स्थित है.
➨सांभर झील:-भारत की सबसे ज़्यादा खारे पानी वाली झील, राजस्थान में स्थित है.
➨पुलिकट झील:-आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु की सीमा पर स्थित, भारत की दूसरी सबसे बड़ी खारे पानी की लैगून है.
➨डल झील:-`जम्मू और कश्मीर में स्थित है.
➨हफलोंग झील:-असम में स्थित है.
➨कंवर झील:-`बिहार में स्थित है.

भारत में कई झीलें हैं, जिनमें मीठे पानी की झीलें, खारे पानी की झीलें, और लवणीय पानी की झीलें शामिल हैं. ये झीलें देश के अलग-अलग राज्यों में फैली हुई हैं. इनमें से कुछ प्रमुख झीलें-

1. चिल्का झील (Chilika Lake)
भारत की सबसे बड़ी तटीय झील चिल्का झील है, जो खारे पानी की एक लैगून झील है। यहाँ नौसेना का प्रशिक्षण केन्द्र भी है। वर्षा ऋतु में चिल्का झील को दाया (Daya) और भार्गवी (Bhargavi) नदी से जल प्राप्त होता है। इस झील की लम्बाई 65 किमी., चौड़ाई 8 से 20 किमी और गहराई लगभग 2 मीटर है।यह झील पक्षी विहार के लिए प्रसिद्ध है और इसे "एशिया का पक्षी स्वर्ग" भी कहा जाता है।इसमें नलबना पक्षी अभयारण्य स्थित है।

2. वुलर झील (Wular Lake)
यह झील जम्मू और कश्मीर में स्थित भारत की सबसे बड़ी ताजे मीठे पानी की झील है।यह झेलम नदी द्वारा बनती है और इसका क्षेत्रफल मौसम के अनुसार बदलता रहता है।यह झील जलवायु संतुलन में मदद करती है और मछली पालन के लिए महत्वपूर्ण है।तुलबुल परियोजना इसी पर स्थित है।

3. गुरुडोंगमार झील (Gurudongmar Lake)यह झील सिक्किम में स्थित दुनिया की सबसे ऊंची झीलों में से एक है,जो समुद्र तल से लगभग 17,800 फीट की ऊंचाई पर स्थित है।यह झील हिंदू, बौद्ध और सिख धर्म के लिए पवित्र मानी जाती है।झील का पानी सर्दियों के मौसम में में पूरी तरह जम जाता है।

4. वेम्बनाड झील (Vembanad Lake)
यह झील केरल में स्थित है। भारत की सबसे लंबी झील है, जिसकी लंबाई लगभग 96 किमी है।यह केरल के बैकवाटर पर्यटन के लिए प्रसिद्ध है।इसमें प्रतिवर्ष नौका दौड़ का आयोजन होता है।

5. गोविंद बल्लभ पंत सागर (Govind Ballabh Pant Sagar)

उत्तर प्रदेश में स्थित है। यह भारत की सबसे बड़ी मानव निर्मित झील है।जो रिहंद नदी पर बनाये गये बांध के कारण बनी है।इसका उपयोग सिंचाई, जल विद्युत उत्पादन और मछली पालन के लिए होता है।

6. सांभर झील (Sambhar Lake)
राजस्थान में स्थित है जो भारत की सबसे बड़े खारे पानी की अंतर्देशीय झील है।यह झील नमक उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है।सांभर झील रामसर साइट में शामिल है और इसे पक्षी विहार के लिए भी जाना जाता है।

7. पुलिकट झील (Pulicat Lake)
यह झील आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु की सीमा स्थिति है। जो भारत की दूसरी सबसे बड़ी खारे पानी की लैगून झील है।
यह पक्षी प्रवासन के लिए प्रसिद्ध है, विशेष रूप से फ्लेमिंगो पक्षियों के लिए, यह झील श्रीहरिकोटा द्वीप के पास स्थित है।

8. डल झील (Dal Lake)
यह झील कश्मीर के श्रीनगर में स्थित है इसे "कश्मीर की शान" के नाम से भी जाना जाता है।झील में शिकारा और हाउसबोट पर्यटन के लिए प्रसिद्ध है।सर्दियों में झील का पानी जम जाता है।

9. हफलोंग झील (Haflong Lake)
यह असम में स्थित है। जो असम की सबसे खूबसूरत झीलों में से एक है।यह हफलोंग हिल स्टेशन में स्थित है।
यह पर्यटकों के लिए बोटिंग और अन्य गतिविधियाँ यहाँ आकर्षण का केंद्र हैं।

10. कंवर झील (Kanwar Lake)
यह एशिया की सबसे बड़ी मीठे पानी की दलदली गोखुर झील है,जो बिहार में स्थित है।यह झील पक्षियों के प्रवास के लिए महत्वपूर्ण है और रामसर साइट में शामिल है।